**सड़क हादसा** — ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटा, चालक सहित एक दर्जन यात्री घायल, भेजा गया जिला अस्पताल

# गमी से लौटते समय ऑटो रिक्शा को कार ने मारी टक्कर

**एक की मौत, तीन गंभीर, महिला रेफर, बाकी सभी का उपचार जारी**



**नवभारत,दमोह.जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास दमोह-कटनी मार्ग स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास एक चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से ऑटो रिक्शा सवार करीब एक दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो गए. जिन्हें उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया. घायलों में एक वृद्ध महिला बतीबाई पति महाराज सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी राजा पटना को डॉक्टर टीम ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया.**

इसी क्रम में घायलों में महेंद्र पिता मलखान सिंह उम्र 35 वर्ष, विनीता पति चंदन सिंह उम्र 40 वर्ष, हल्की बाई पति महेंद्र उम्र 35 वर्ष, चंदाबाई पति खेत सिंह उम्र 45 वर्ष, बैनी बाई पति केदार सिंह उम्र 25 वर्ष, ऑटो रिक्शा चालक जगत पिता लुक्खा अहिरवार उम्र 42 वर्ष, चंदाबाई पति मोहन सिंह उम्र करीब 60-65 वर्ष, रचना बाई कमल सिंह 50, इमरतबाई पति दिलीप उम्र 45 वर्ष, दिलीप सिंह 50,बबीता पति गोपाल सिंह उम्र 40 वर्ष, सभी निवासी राजा पटना बताए गए हैं. जो कि राजा पटना से आनू गमी में शामिल होने गए हुए थे.

तभी यह लौटते समय हादसे का शिकार हो गए और एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि तीन से चार महिला की हालत गंभीर है. उन्हें डॉक्टर टीम के द्वारा जबलपुर रेफर किया जा रहा है.



## आखिर देहात थाना पुलिस ने पकड़ ही ली कार



जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ऑटो रिक्शा को टक्कर मारने करने वाली कार को आखिर पुलिस ने बड़ी मशक्कत कर पकड़ ही ली है .जैसे ही घटना घटित हुई थी तत्काल दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया ने कार को पकड़ने के निर्देश दिए थे .जहां सीएसपी एचआर पांडे, टीआई दमोह देहात रचना मिश्रा, चौकी जबलपुर नाका पुलिस और आरक्षक दीपक,कुलदीप व जितेंद्र ने घेराबंदी कर को पकड़कर थाना परिसर में सुरक्षित रखवाया है.

जैसे ही घटना की जानकारी लगी तो मौके पर एसडीएम आर एल बागरी, सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार रॉबिन जैन,रघुनंदन चतुर्वेदी, आरआई गौरी शंकर और देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा और जबलपुर नाका चौकी पुलिस ने पहुंचकर तत्काल घायलों को 112 डायल और 108 से अस्पताल भिजवाया था. जहां आनन-फानन में उनका इलाज सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद सिंह पटेल, डॉक्टर उमेश तंतुवाय, डॉक्टर मुकेश जैन, डॉक्टर पीयूष निमाड़े, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, डॉ चक्रेश चौधरी, डॉक्टर ऊर्जा झरिया, डॉक्टर सौरभ मिश्रा, मनीष संगतानी, डॉक्टर एनके पटेल, सुरेंद्र सिंह राजपूत,चंद्रपाल और भी समस्त नर्स ऑफिसर के अलावा पूरी टीम यहां इलाज और भर्ती कराने में सहयोग किया.



## परीक्षा में शामिल होकर छात्रों ने ओएमआर सीट पर उत्तर हल किये

नवभारत कुम्हारी। छात्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परीक्षा की तैयारी, विषय वार तैयारी इसको लेकर लगातार शिक्षा विभाग के द्वारा नवाचार किया जा रहा। इसी कड़ी में ई क्यू आई पी परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमे 9 से 12 के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा का संचालन दिन बुधवार क्रो हुआ जिसमें शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन और समावेश इस कार्यक्रम में जिले के 108 स्कूल शामिल हैं ।ओ एमआर शीट में बच्चे उतर दे रहे हैं ।परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, गणित,विज्ञान सामाजिक विज्ञान,विषय शामिल किए गए हैं ।75 नंबर की परीक्षा है,दो घंटे का समय रखा गया 7स्कूल कुम्हारी,मझगुवा, पटेरिया,आदि छात्रों ने परीक्षा मे सहभागिता निभाई ।

## मिशन ग्रीन दमोह के अंतर्गत आंवला नवमीं पर जटाशंकर धाम में होगा पौधों का वितरण

नवभारत,दमोह। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन ग्रीन दमोह के सीजन- 10 के अंतर्गत आंवला नवमी के पावन अवसर पर आंवला के पौधों का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2025 को जटाशंकर मंदिर, दमोह में आयोजित होगा। कार्यक्रम के निदेशक श्री सिद्धांत जंयत मलैया ने बताया कि आंवला न केवल औषधीय गुणों से भरपूर है बल्कि पर्यावरण के संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि आंवला इतना महत्वपूर्ण औषधीय फल है कि उसकी पूजा-अर्चना के बाद ही ग्रहण या सेवन किया जाता है।

**एक नजर में**

### नशा मुक्ति व सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत,दमोह.रोटरी क्लब दमोह के सौजन्य से निताई ग्रुप द्वारा संचालित निताई पब्लिक स्कूल, सिंधी कैंप, दमोह में एक प्रेरणादायक सामाजिक व शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब के जिला अध्यक्ष अजीत जैन ने की. इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष समाजसेवी संजय जैन, वरिष्ठ मार्गदर्शक किशन लाल, अनिल, समीर बुधवानी, अभी आहूजा, राजेंद्र सेठिया, अभिषेक साहू, समाज सेविका श्रीमती नीलम जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे.कार्यक्रम में निताई ग्रुप के फाउंडर चेयरमैन अमोल पटेल व को-फाउंडर श्रीमती कल्पना पटेल, निताई विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीना साहू, कार्यक्रम प्रभारी हर्षा पटेल, शिक्षिकाएं काजल दुबे, ललिता, रोशनी, प्रियंका, ऊषा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ विद्यार्थी व अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.



### मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने चौकी बनवार में भ्रमण किया

नवभारत,दमोह.मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने मंगलवार शाम को चौकी बनवार में भ्रमण किया। चौकी क्षेत्र व चौकी परिसर में साफसफाई तथा पौधरोपण आदि का निरीक्षण भी किया.चौकी में व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की गई. इस दौरान चौकी प्रभारी मनीष यादव सहित पुलिस स्टाफऔर क्षेत्रीय जन मौजूद रहे.



### दीपावली मिलन समारोह व मौनिया नृत्य का आयोजन

नवभारत,दमोह। दीपोत्सव पर्व के पावन अवसर पर श्री शिव साईं मंदिर, बेलाताल टापू में दीपावली मिलन समारोह एवं पारंपरिक मौनिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। पवित्र कार्तिक माह में माता-बहनों द्वारा श्रद्धा भाव से माता तुलसी पूजन संपन्न किया गया। पूजन के उपरांत सौभाग्य सामग्री अर्पित की गई तथा बाद में यह सामग्री सभी कतकारियों के बीच वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान माता-बहनों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। वहीं ग्वाल-बाल मंडली द्वारा प्रस्तुत दिवारी नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

## उन्मुक्त संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दिया नशा मुक्ति का संदेश



नवभारत,दमोह। सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में नशामुक्त अभियान के अंतर्गत उनमुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा दमोह शहर के वार्ड बजरिया वार्ड नं 5, बजरिया वार्ड नं.6 एवं बजरिया वार्ड 7 में जाकर नाशमुक्ति का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में जन-जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें नशा से हो रहे दुष्परिणाम के बारे में लोगो को जागरूक किया। जो बजरिया वार्ड नं 5 से हेमराज पार्षद व बजरिया वार्ड 6 रघु श्रीवास्तव एवं बजरिया वार्ड नं 7 में कविता राय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें नशामुक्ति का संकल्प जितेंद्र राजपूत, ने दिलाया इस कार्यक्रम में राजकुमार सेन मनीष, रंजीत, छुटके हरिशंकर, परमेश्वर पाण्डेय व वार्ड के बहुत लोगो की उपस्थिति रही।

# गौशाला में गोपाष्टमी पर्व मनाया गया



नवभारत,दमोह. वुधवार गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गौशाला में गौमाता का पूजन वड़े ही हर्षोल्लास के कारण मनाया गया. दोपहर 3 बजे विश्वहिन्दू परिषद की प्रखंड टोली व गौशाला कमेंटी व सदस्यों के द्वारा जगत गुरू सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गौमाता का पूजन किया गया. जगतगुरू ने पूजन के पूर्व कहा की गौमाता हमारी संस्कृति से प्रचीन काल से जुडी हुई है. गौपाष्टमी के दिन ही श्री कृष्ण पहली वार जंगल भ्रमण पर गौ ग्रास कराने ले गये थे. स्वामीजी ने गौ कि महिमा का गुणगान करते हुये वताया की गौमाता में 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है और हमे गोपाष्टमी ही नही वल्की हर एक दिन गौमाता की पूजा करनी चाहिये. कलयुग में गौमाता ही मोक्ष प्राप्ती का द्वार खोल सकती है.प्रत्येक परिवार को गाय के लिये रोटी निकालना चाहिये जिसेस हमारा कल्याण हो सके. पूजन के समय जबलपुर से रजनी साहू एनआ सी सदस्य, गौशाला अध्यक्ष संजय कुमार जैन, महामंत्री अमरचंद जैन, मंत्री विवेक कुमार जैन व विश्वहिन्दू परिषद से जिला समरता प्रमुख भूपेन्द्र सोनी, प्रखंड अध्यक्ष विदित सिंह तोमर, मंत्री उदये सेन, नगर संयोजक मनीष घोषी, कृष्णा घोषी,अमित जैन,रामकिशन यादव वसंत सेन व भाजपा मंडल से डॉक्टर परम सिहं,मूरत सिंह,लक्ष्मी नामदेव, रश्मि साहू, संत कुमार पाल पप्पू घोषी,गुड्डा सिंह, गौशाला परिवार से श्रीराम सिंह,हल्केभाई ,कार्तिक परिहार,सजल तोमर,सुनीता, पंचम सिंह, संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।



### असाटी महिला समिति दमोह द्वारा कार्तिक माह में सुंदरकांड

नवभारत,दमोह. 28 अक्टूबर 2025 को संस्कार भवन में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना व मंगलदीप प्रज्वलन के साथ किया गया.इसके उपरांत भाव विभोर कर देने वाला सुंदरकांड पाठ का अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ. फिर संपूर्ण वातावरण श्री राम जय राम जय जय राम की मधुर स्तुति से गुंजायमान होता हुआ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ दिव्य शांति और भक्ति रस में डूबा रहा. समाज की सभी बहनों व मातृशक्ति की उत्साह पूर्वक उपस्थित रही और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई.अंत में सभी बहनों को जलपान कराकर प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का सफल समापन किया गया.



## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

नवभारत कुम्हारी ।ग्राम पंचायतो में विकासशील बनाने सबकी योजना, सबका विकास, अंतर्गत प्रशिक्षण एक दिवसीय आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत कुम्हारी में जहां मास्टर ट्रेनर गोविंद अवस्थी,भजन पटेल,नरेश प्रजापति, जिनके द्वारा योजना क्रो लेकर 13 पंचायत शामिल की गई,कार्य योजना बनाना है7 2025-26 में योजना बनाने के लिए सभी कर्मचारी जनप्रतिनिधि ग्रामीण जन गांव से जुड़ी हुई जो समस्या है, जिनमे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल,कृषि, आजीविका, गरीबी हटाओ 17 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम को संपन्न करने के बाद ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा कार्य योजना को ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करना भी आवश्यक रहेगा।

### बालक लापता



नवभारत,दमोह.दमोह से सागर की ओर बस से गया था, जो बीच में ही लापता हो जाने पर पुलिस तलाश कर रही है. जिस किसी को यह मासूम दिखे, तो पुलिस कोसूचित करें.यह रिपोर्ट दमोह सिटी कोतवाली में परिजनों ने दर्ज कराई है.

## पिकअप में ले जा रही अवैध शराब जप्त



नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति व अति.पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तारादेही उप निरी आलोक तिरपुडे के नेतृत्व में टीम द्वारा 28 अक्टूबर 25 को मुखबिर की सूचना पर से आरोपी आकाश झारिया पिता सर्वेश झारिया उम्र 26 साल निवासी ग्राम कुकरभुका धाना पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.) के कब्जे से 38 पेटी लाल मशाला शराब व देशी प्लेन शराब व एक पिकअप वाहन क्र. एमपी 20 जीए 9452 जो कुल मशरुका कीमती करीबन पांच लाख अस्सी हजार एक सौ चालीस रुपये की जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना तारादेही में अप.क्र.115/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट 130(3)/177 एमव्हीएक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय दमोह में पेश किया गया हैं. अहम भूमिका में उप निरी आलोक तिरपुडे थाना प्रभारी तारादेही, का. वा. उनि रमेश सिंह मुडरया, प्र. आर. 377 मुकुल रावत 4..प्र. आर.282 व तुलसीराम ठाकुर 5. आर. 741 राममनोहर बादव, 6. आर.780 राजेन्द्र, 7. आर. 102 पंकज प्यासी, 8.आर. 64 भगत सिंह, 9.आर 365देवकरन, एनआरएस मोनू विश्व कर्मा की अहम भूमिका रही।

### 4 साल से फरार चल रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार



नवभारत,दमोह। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में जिले भर में स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी चल रही है.जहां सीएसपीएच आर पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में उनि प्रशीता कुर्मी, प्रधान आरक्षक सचिन नामदेव,सुमन यादव, आरक्षक रुपेश यादव, हेमराज पटेल,गौरव और सै. महफूज चौकी जबलपुर नाका थाना दमोह देहात के द्वारा 4 साल से फरार चल रहे आरोपी पवन रैकवार पिता रमेश रैकवार उम्र 32 साल व राकेश रैकवार पिता रमेश रैकवार 25 साल दोनों निवासी किशन तलैया दमोह को माननीय न्यायालय पेश किया गया।



## बुंदेलखंड की पावन धरा पर दिखी छठ पर्व की धूम

नवभारत,दमोह। नरसिंहगढ़ में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ डूबते सूर्य को अर्द्ध देकर छठ पर्व का पावन त्यौहार मनाया गया. हर वर्ग के लोगों ने आस्था के केंद्र छठ पर्व पर छठी मैया को नमन किया व पूजन अर्चन किया. छठ पर्व का विशेष महत्व यूपी और बिहार प्रांत में रहता है.लेकिन नरसिंहगढ़ औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां काफी संख्या में यूपी और बिहार के लोग निवास करते है.जिस वजह से छोटे से गांव नरसिंहगढ़ में भी इस पर्व को बड़े स्तर पर धूम धाम के साथ मनाया जाता है.इस मौके पर फैक्ट्री के तमाम अधिकारी और कर्मचारी अपने परिवार के साथ कॉलोनी परिसर में बनाई गई. पानी की टंकी में गीले होकर डूबते व अगले दिन प्रात: उगते सूर्य को अर्द्ध देकर व्रती महिलाएं अपने व्रत को खोलती है. इस मौके पर राजू शाह प्रशांत दास की विशेष मौजूदगी रही.

**प्रशिक्षण** — सेडमैप प्रशिक्षण केंद्र में दिया जायेगा प्रशिक्षण

# तीन माह के कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ




नवभारत,दमोह। डी.एफएम.फंड. के सामाजिक दायित्व के तहत पन्नी बीनने वाली बालिकाओं को सेडमैप से तीन माह के प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आज सेडमैप प्रशिक्षण केंद्र में तीन माह की अवधि वाले कौशल उन्नयन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया और उन्हें अपने जीवन में सीखे गए कौशलों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उत्साहित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने कहा स्वरोजगार प्रशिक्षण बेटियों के जीवन में दूरगामी परिणाम मिलेगा एवं आस-पास निवासरत अन्य बेटियों को भी स्वावलंबी बनने की प्रेरणा मिलेगी। उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कैदो की तलैया की और बेटियों को भी स्वरोजगार अपनाने के लिए आगे आना चाहिए एवं पन्नी एवं कबाड़ बीनने जैसे अनावश्यक कार्य को छोडकर स्वावलंबी बनना चाहिए।

### ठगी के बारे में जानकारी दी

नवभारत,दमोह। थाना प्रभारी थाना पथरिया अमित मिश्रा द्वारा एमएलबी स्कूल की छात्राओं व शिक्षकों को साइबर फ्रॉड साइबर अरेस्ट तथा साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी व इससे बचके के उपायों बताए.



### जिला जेल का मुख्य न्यायाधीश अधिकारी स्नेहा ने किया आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत,दमोह. जिला जेल दमोह का मुख्य न्यायाधीश अधिकारी स्नेहा सिंह द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में समस्त बंदी बैरिको का भ्रमण कर सभी बंदियो से उनकी समस्याएं लीगल एड संबंधी भोजन संबंधी रूपए पैसे मांगने संबंधी जानकारी ली गई.बीमार बंदियों के इलाज के संबंध में जानकारी ली गई.किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं पाई गई. झील में स्वच्छता व्यवस्था की प्रशंसा की गई.बंदियों को प्राप्त हो रहे भोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा की गई.



नवभारत,दमोह। प्रहलाद सिंह पटेल से भेंट कर दमोह विधानसभा मे नवीन जनपद पंचायत भवन,नवीन सामुदायिक/पंचायत भवन, पुराने स्टाप डेमों की मरम्मत व सुदूर सड़क (मुरमीकरण) के लिए अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराए जाने आदि विषयो पर चर्चा कर आग्रह पत्र दिए

**मृतक अज्ञात व्यक्ति की तलाश**

थाना-दमोह देहात — जिला दमोह
मर्ग क्रमांक 104/2024 — धारा 194 बीएनएसएस



नाम मृतक - अज्ञात मृतक पुरुष
उम्र करीबन 35 साल
हुलिया- बदन पर गुलाबी कलर की टी-शर्ट एवं कमर में गहरे नीले रंग का जींस का पेंट, रंग गोरा चेहरा गोल दाढ़ी बडी हुई हाईट करीबन 5 फुट 1 इंच।
उक्त अज्ञात मृतक पुरुष उम्र करीब 35 साल दिनांक 21/08/2025 को असलाना दमोह रेल्वे ट्रेक सेक्शन KM 1121/2-4 पर ट्रेन से टक्कर होने से आई चौटों के कारण मृत्यु हो गयी थी जिसका पीएम दिनांक 23/08/2025 कोमरचुरी दमोह में हुआ था जिसे कफन-दफन नगरपालिका की मदद से मुक्तिधाम जटाशंकर में गड्ढा खोदकर दफनाया गया हैं।
उक्त अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 साल के संबंध में किसी थाना क्षेत्र में गुमशुदगी दर्ज हो तो थाना दमोह देहात जिला दमोह को सूचित करने का कष्ट करें।

**थाना प्रभारी दमोह देहात श्रीमती रचना मिश्रा 7697762090**
**जांचकर्ता अधिकारी- का.वा.प्र.आर.167 नीरज श्रीवास्तव मो. 9981321977**
**पुलिस कंटोल रूम दमोह न.-7587619008**